श्री बंशीधर नगर, सोमवार
03.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 187

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:16 बजे
अस्त - 06:00 बजे

तापमान
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 17 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार
www.banshidharnews.com

सड़क व पुल निर्माण की जिप अध्यक्ष ने की जांच >> पेज 03
हर फिल्म में नया सीखने की कोशिश करती हूं: भूमि >> पेज 04

सुविचार

समय खत्म होने से पहले हर पल को जी लें, बाद में याद आती है, समय नहीं

न्यूज अपडेट्स

झारखंड के कई जिलों में तापमान औसत से अधिक

रांची। झारखंड में मार्च माह की शुरुआत में ही कई जिलों में तापमान औसत से अधिक पहुंच गया है। मार्च माह के पहले हफ्ते में सबसे अधिक गर्मी डालटेनगंज और बोकारो में बढ़ी है। दोनों जिलों में औसत तापमान क्रमश: 8.40 और 8.50 बढ़ा है, जबकि राजधानी रांची में औसत तापमान 4.2 बढ़ा है और चाईबासा का औसत तापमान 4.71 डिग्री बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने इस माह के अंत तक राज्य में तापमान में 4–5 डिग्री के वृद्धि होने की आशंका व्यक्त की है। इससे मार्च में ही मई और जून जैसी गर्मी पड़ेगी। इसका सीधा आम जन – जीवन पर पड़ेगा। वहीं रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री, जमशेदपुर में 37.3, डालटनगंज में 35.8, बोकारो में 33.8 व चाईबासा में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

शाह आज करेंगे डेयरी कार्यशाला का उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह और सहकारितामंत्री अमित शाह आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अत्याधुनिक भारत मंडपम में 'डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर कार्यशाला' का उद्घाटन करेंगे। कार्यशाला में सहकारिता मंत्रालय और पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय की नीतियों और पहलों पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य डेयरी फार्मिंग में संधारणीयता के साथ आर्थिक विकास सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

बजट सत्र

कल्याणकारी योजनाओं के साथ जरूरतों के अनुसार बजट देने की उम्मीद

आज पेश होगा अबुआ बजट

रांची। झारखंड विधानसभा में तीन मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। इस बार के बजट के आकार में सात से 10 प्रतिशत की वृद्धि की आशंका है। इससे इसका कुल आकार लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। पिछले पांच वर्षों के बजट को देखें तो हर साल वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट 1,28,900 करोड़ रुपये था, जबकि इस साल इसे बढ़ाकर और भी व्यापक बनाया जा सकता है। इस बार सरकार ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है।

नई योजनाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, आगामी बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धनराशि आवंटित की जा सकती है। खासतौर पर 'मंईयां सम्मान योजना' के चलते इस विभाग को अतिरिक्त फंड मिलने की संभावना है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्ष 2001 में मात्र 32,000 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 4.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। आगामी वित्त वर्ष में इसमें 9.5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

पिछले पांच सालों में बजट का आकार

- 2020-21: 86,370 करोड़ रुपये
- 2021-22: 91,277 करोड़ रुपये
- 2022-23: 1,01,101 करोड़ रुपये
- 2023-24: 1,16,418 करोड़ रुपये
- 2024-25: 1,28,900 करोड़ रुपये

समाज कल्याण विभाग का बजट आकार बढ़ सकता है

मंईयां सम्मान योजना के लिए सरकार को 17 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान करना है। ऐसे में समाज कल्याण विभाग का बजट आकार ढाई गुना बढ़ सकता है। पिछले वित्तीय वर्ष में समाज कल्याण विभाग का बजट आठ हजार करोड़ का था। इस बार इस विभाग का बजट बढ़कर 20 हजार करोड़ से अधिक हो सकता है। ऐसे में दूसरे विभागों के बजट में वृद्धि के आसार कम हैं। सरकार सर्वजन पेंशन, विकलांग-विधवा पेंशन, आदिवासी कल्याण की योजनाओं, धोती-साड़ी-लुंगी योजना के लिए बजट में बड़ी राशि का प्रावधान कर सकती है। सरकार आधारभूत संरचना को निर्माण के लिए कोई बड़ी योजना नहीं लायेगी। सड़क, ग्रामीण विकास, उर्जा, जल संसाधन के लिए योजना लाने की प्राथमिकता बजट में नहीं दिखेगी। ग्रामीण विकास विभाग, उर्जा विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विभाग के बजट में बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। इन विभागों में कोई नयी योजना की शुरूआत नहीं होगी।

संसाधन बढ़ाने पर होगा जोर : बजट में सरकार संसाधन बढ़ाने पर जोर देगी। रेवेन्यू बढ़ाने के लिए सरकार विभागों के राजस्व वसूली का लक्ष्य बढ़ायेगी। भू-राजस्व विभाग के लिए सरकार नये मापदंड तय कर सकती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस विभाग ने लक्ष्य से बहुत कम राजस्व संग्रह किया है। सरकार जमीन संबंधी कर में बढ़ोत्तरी कर सकती है।

विधायक फंड में भी बढ़ोत्तरी की उम्मीद नहीं : विधायक फंड में भी राज्य सरकार बढ़ोतरी नहीं कर सकती है। विधायकों की मांग थी कि सरकार विधायक फंड को निर्माण कार्य में महंगाई देखते हुए बढ़ाये। फिलहाल विधायकों को अपने क्षेत्र के विकास के लिए पांच करोड़ रुपये सालाना मिलता है। सरकार इस मद में किसी तरह का अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना चाहती है।

लोक मंगल के लिए होगा राज्य का बजट : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड का बजट लोक मंगल के लिए होगा। विकास और सामाजिक दायित्व के बीच हम संतुलित बजट पेश करेंगे। समाज के अंतिम पायदान तक सरकार की सहायता और योजनाओं का लाभ पहुंचे इसकी कोशिश होगी। आनेवाला बजट झारखंड की समृद्धि और विकास की नयी लकीर खींचेगा। कोशिश होगी कि हम अपने संसाधन को बढ़ाते हुए उसे लोक-कल्याण के काम में लगायेंगे। यह बजट झारखंड के खेत-खलिहान से लेकर गांव, कस्बों और शहरों में खुशी लेकर आयेगा। बजट की राशि उपयोगी तरीके से खर्च हो, इसकी रूपरेखा देखने को मिलेगी।

जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी का अनुमान

श्रीनगर। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 48 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने कहा कि रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना के साथ मौसम आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने कहा कि अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, बर्फबारी की संभावना है, जबकि उत्तर और मध्य कश्मीर के कुछ ऊंचे इलाकों में 3 मार्च को मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 4 मार्च से 9 मार्च तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। 10 से 12 मार्च तक बारिश और बर्फबारी का एक और दौर संभव है। इसने एक एडवाइजरी भी जारी की है जिसमें पर्यटकों/ यात्रियों/ ट्रांसपोर्टरों से इस अवधि के दौरान प्रशासन ने यातायात सलाह का पालन करने का आग्रह किया गया है। किसानों को 4 मार्च तक सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों को स्थगित करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन, चट्टानें, पत्थर गिरने की भी संभावना है। लोगों से ढलान वाली ढलानों और हिमस्खलन वाले क्षेत्रों से बचने और डीजीआरई की हिमस्खलन चेतावनी, बुलेटिन का पालन करने का आग्रह किया। पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू और कश्मीर के कई हिस्सों में दिन के तापमान में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस की मामूली वृद्धि हुई है।

मायावती ने आकाश को पार्टी के सभी पदों से हटाया

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया । उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया। मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराएंगे। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी से जुड़े कई राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान मायावती ने पिछले दिनों हुई पार्टी की बैठक में लिए गये निर्णय और कार्यां की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि यूपी में खासकर बहुजन समाज के करोड़ो लोगों के समुचित एवं समग्र विकास के बिना यूपी ही नहीं बल्कि देश भी सही से तरक्की नहीं कर सकता है। इसलिए सरकार को राजनीतिक, साम्प्रदायिक द्वेष व पक्षपात आदि से ऊपर उठकर पूरे संवैधानिक दायित्व के साथ जनहित व जनकल्याण के लिए कार्य करना होगा।

सिर कटी शव की हुई पहचान, राजस्थान का था व्यवसायी

27 लाख रु. हड़पने के लिए की गयी व्यापारी की हत्या

खूंटी। जिले के मारंगहादा थानांतर्गत कुजराम से चुकरू जाने वाली सड़क पर जानुमडीह मोड़ के पास गत शुक्रवार की सुबह मिली युवक की सिर कटी शव की पहचान हो गई है। युवक की पहचान राजस्थान के जोधपुर जिला अंतर्गत भोपालगढ़ थाना क्षेत्र के हिमोली गांव निवासी पुखराज कुमार के रूप में हुई है। शव की पहचान उसके छोटे भाई महिपाल ने रविवार को खूंटी में आकर की। उसके भाई महिपाल ने बताया कि पुखराज कोयला का व्यवसायी था। वह 25 फरवरी को घर से 27 लाख रुपये लेकर रांची के लिए निकला था। रांची में उसे कोयला लोड कराना था। महिपाल की 27 फरवरी को रात लगभग साढ़े आठ बजे पुखराज से फोन पर बात हुई थी। तब पुखराज ने कहा था कि वह सही सलामत रांची पहुंच गया है। रांची में वह अपने कारोबारी मित्र तबारक के दोस्तों लक्ष्मण और राज के यहां रुका है।

महिपाल ने उसी रात 9.45 बजे फिर से अपने भाई पुखराज से फोन पर बात करने का प्रयास किया, तो पुखराज का फोन स्विच ऑफ मिला। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह से कई एक बार उसने अपने भाई को फोन लगाया, लेकिन हर बार उसका फोन बंद मिला। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका से वह परेशान हो गया। इसी बीच सोशल मीडिया और न्यूज एजेंसी में उसने खूंटी में एक अज्ञात युवक की सिर कटी लाश मिलने का समाचार देखा। इसके बाद वह खूंटी पहुंचा और शव की पहचान अपने भाई के रूप में की।

महिपाल का कहना है कि उसके भाई की हत्या उसके पास रखे 27 लाख रुपये को हड़पने की नीयत से की गई है। हत्याकांड में वही लोग शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने उसके भाई को रांची में अपने यहां रखा था।

एसडीपीओ वरूण रजक ने बताया कि दो दिन पूर्व मारंगहादा थाना क्षेत्र में मिली सिर कटी शव की पहचान हो गई है। कांड के खुलासा एवं हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने दावा किया कि जल्द ही कांड में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। हालांकि पुखखाज का कटा सिर अब तक बरामद नहीं हो सका है।

मारंगहादा
थाना
MARANGHADA

मणिपुर: 15 एकड़ अफीम की खेती नष्ट, कई बंकर ध्वस्त

इम्फाल। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के खुड़ई लाइफम पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बल और वन विभाग ने एसडीएम, तेंगनौपाल की उपस्थिति में अवैध अफीम की खेती नष्ट करने का अभियान चलाया। इस दौरान तेंगनौपाल थाना क्षेत्र में फैले 15 एकड़ क्षेत्र में अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। दूसरी कार्रवाई में, सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के थिंगसाट हिल रेंज में मार्क हिल पर दो अवैध बंकरों को ध्वस्त किया। इसके अलावा, वाकान हिल रेंज में कांगपोकपी और इम्फाल ईस्ट जिलों की सीमा पर तीन अन्य अवैध बंकरों को नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। इनमें 5.56 मिमी इंसास एलएमजी, एके-56 राइफल, एसएलआर राइफल, एसएमजी 9 मिमी कार्बाइन, .303 राइफल, डबल बैरल गन, विभिन्न मैगजीन और गोलियां शामिल हैं।

रंका में दुर्गा मंदिर के छठे स्थापना दिवस को लेकर नगर भ्रमण

बंशीधर न्यूज

रंका : अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर का छठा स्थापना दिवस समारोह वेद मंत्र उच्चारण के साथ नगर भ्रमण कर शुभारंभ किया गया। भ्रमण का नेतृत्व मंदिर समिति के संरक्षक समाजसेवी श्याम सुंदर प्रसाद, आशीष कुमार गुप्ता तथा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान बजरंग दल, विहिप, दुगार्वाहिनी सहित सैकड़ों कुंवारी कन्याओं ने दुर्गा माता की जय की उद्घोष के साथ सम्पूर्ण नगर का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में थाना क्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग 343 भ्रमण करते हुये रंका बर मुहल्ला, सोनार मोहल्ला अस्पताल चौक होते हुये रंका बाजार होते हुये हनुमान मंदिर चेकनाका से वापस रंका ठाकुरबाड़ी मंदिर, गणदेवी मंदिर भ्रमण कर वापस रंका थाना मोड़ आया। जहां आचार्य भोलानाथ पांडेय के देखरेख में यजमान अंजय प्रसाद गुप्ता, राम कुमार गुप्ता ने मां की पूजा-अर्चना किया। तत्पश्चात आरती, हवन के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मनोज कुमार निराला, पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता, अगस्त कुमार गुप्ता, प्रेमचंद प्रसाद गुप्ता, रामप्रसाद साव, विगन साव, छठु साव, संतोष कुमार चंद्रवंशी, रमेश राम चंद्रवंशी, दिनेश कुमार गुप्ता, विश्वनाथ राम आदि लोग उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

बीडीओ सह सीओ ने की समीक्षा बैठक

धुरकी : प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को लेकर सभी पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सेवक एवं अन्य कर्मियों को समय पर टास्क पूरा कर देने की बात कही। बीडीओ ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने वाले कर्मी को प्रोत्साहित भी किया जायेगा। उन्होंने मनरेगा द्वारा संचालित तथा आवास संबंधित सभी कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्नेश कुमार, धुरकी सदर पंचायत मुखिया महबूब अंसारी, कृषि विभाग के धनंजय सिंह, खाला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी, हरिलाल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म

रांची। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात की है, जब पड़ोसी युवक ने नाबालिग को घर में अकेला पाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। नाबालिग ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाबालिग का बयान दर्ज किया और मेडिकल जांच करायी।

अपराध

अमेरिकन राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद

टीएसपीसी नक्सली आक्रमण गंझु गिरफ्तार

चतरा। झारखंड बिहार का मोस्ट वांटेड टीएसपीसी संगठन का सेकंड सुप्रीमो आक्रमण गंझु गिरफ्तार हो गया है। इसके निशानदेही पर चतरा पुलिस को अमेरिकन राइफल सहित हथियारों का जखीरा बरामद करने में सफलता मिली है। कुंभ स्नान से लौटने के क्रम में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।। उसके निशान देही पर अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है और भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। रविवार को चतरा एसपी विकास पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। आक्रमण गंझु पर झारखंड पुलिस 15 लाख और टेरर फंडिग के मामले में एनआईए ने तीन लाख का इनाम रखा हुआ था। उसके साथ उसकी पत्नी लावालौंग की पूर्व प्रमुख ममता देवी, चैनपुर, मांडू जिला रामगढ़ के सचिन कुमार गंझू, कुंदा के लुकुईया के अमित गंझू की भी गिरफ्तारी हुई है। आक्रमण की पत्नी लावालौंग ब्लॉक की पूर्व प्रमुख रह चुकी है। झारखंड के कई जिलों के थाने में उसपर 75 से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें चतरा में 49, पलामू में 10, लातेहार में 14 और हजारीबाग में दो मामले शामिल हैं। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने बिहार और झारखंड के सीमा में हंटरगंज के पत्सुगिया पुल के पास से एक क्रेटा कार से उसकी गिरफ्तारी हुई है।

ये हथियार हुए बरामद : गिरफ्तार नक्सली के पास और उसकी निशानदेही पर नाइन एमएम का तीन पिस्टल, एक देशी कट्टा, नाइन एमएम का 15 जिन्दा गोली, .315 का एक गोली, एक हुंडई क्रेटा गाड़ी, विभिन्न कंपनियों का सात मोबाईल, डोंगल (राउटर) तीन, एम-16 एआई राईफल (अमेरिकन) एक , एसएलआर राईफल, .315 बोर की देशी निर्मीत राइफल दो, 7.62 एम.एम. का देशी पिस्टल एक, 7.65 एम.एम. का देशी पिस्टल तीन, देशी कट्टा एक, एम-16 एआई राईफल का मैगजीन-03, एसएलआर का मैगजीन एक, अन्य पिस्टल का मैगजीन दो, नाइन एमएम का जिन्दा गोली 4597 पीस, 5.5 एमएम का जिन्दा गोली 172 पीस, .315 एमएम का जिन्दा गोली 100 पीस, एम-16 का जिन्दा गोली 90 पीस, 7.62एमएम का जिन्दा गोली-20 राउण्ड, चितकबरा रंग का 01 मैगजीन पाउच सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। एसपी विकास पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुख्यात उग्रवादी के पास से कई देशी और विदेशी हथियार बरामद किए गए हैं। झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सली मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को धरातल पर उतरने की दिशा में पुलिस कार्य कर रही है। नक्सलियों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध निरंतर सफलता भी मिल रही है। नक्सलियों के खिलाफ लागातर छापेमारी अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एक मार्च को सूचना मिली कि टीएसपीसी संगठन का कुख्यात उग्रवादी रीजनल कमांडर आक्रमण बिहार की ओर से झारखंड होते पलामू जाने वाला है। इसी को लेकर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने अभियान के दौरान एक गाड़ी में सवार चार लोगों को गिरफ्तार की। गिरफ्तार लोगों के पास से हथियार मिले और उनके निशानदेही पर हथियारों का जखीरा मिला है।

बजट में होगा सभी सुविधाओं का समावेश : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा है कि सोमवार को विधानसभा में पेश होनेवाले बजट में सभी सुविधाओं का समावेश होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट थ्री डाइमेंशन वाला होगा, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजिक सुरक्षा और पर्यटन समेत सभी मूलभूत सुविधाएं शामिल होंगी। सुप्रियो रविवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार होगा जब सदन में बजट के समय विपक्ष का कोई नेता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार तभी पूरी होती है जब एक अदद विपक्ष भी हो। पार्टी महासचिव ने कहा कि राज्य की कई समितियां और नियुक्तियों में विपक्ष के नेता की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि इसका जिम्मेहवार कौन है। सुप्रियो ने कहा कि या तो भाजपा के सभी विधायक अपना नेता चुन लें या सभी सामूहिक रूप से इस्तीफा ही दे दें। उन्होंने भाजपा पर देश में एकदलीय व्यवस्था थोपने के प्रयास का आरोप लगाते हुए कहा कि हमारा संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है।

नवनिर्मित शिव मंदिर में कार्यक्रम शुरू, भक्तिमय हो चुका है पूरा क्षेत्र

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू

बंशीधर न्यूज

विश्रामपुर : उंटारी रोड प्रखंड के चेचरिया (सलखनी) में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को निकली कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल हुये। महंत केशव नारायण दास जी के मंगलानुशासन में रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ आज बाजे गाजे के साथ निकली कलश यात्रा के उपरांत हो गई है। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष व भक्तिगीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्त बाजे गाजे के साथ कोयल व बांकी नदी के संगम पहुंचे। जहां से गंगा पूजन के बाद सभी श्रद्धालु मंत्र पूजित जलभरकर यज्ञशाला परिसर पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्वान पंडितों ने कलश स्थापना कराया। सोमवार की सुबह अग्निप्रवेश के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा, जो सात मार्च तक चलेगा। कलश यात्रा में मुरमा कला की मुखिया मीना देवी, विनय पाठक, रामनाथ ठाकुर, रामप्रवेश विश्वकर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, सोनू कुमार, अनिल यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा, दया शंकर विश्वकर्मा, सकल यादव, शिव विश्वकर्मा, मुना विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, रामटहल विश्वकर्मा, रामजन्म यादव, संजय यादव, मनोज ठाकुर, परीखा विश्वकर्मा, संजय मेहता सहित हजारों श्रद्धालु भक्त कलश यात्रा में शामिल थे।

पांच पशुओं के साथ दो गौ तस्कर गिरफ्तार

विश्रामपुर : पुलिस ने रविवार को क्षेत्र से मिली सूचना के आधार पर एक पिकअप जब्त किया है। जब्त पिकअप की तलाशी के दौरान पांच मवेशियों के साथ दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया की पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनों आरोपियों आजम खान और लालमन पासवान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं मामले की छानबीन की जा रही है। इस मामले में पुलिस को हिंदूवादी संगठनों ने भी सहयोग किया है।

रांची महानगर 151 स्थानों पर मनाएगा रामोत्सव : विहिप

रांची। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रांची महानगर की बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने की, जबकि संचालन महानगर मंत्री विश्वरंजन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप के क्षेत्र सहमंत्री डॉ. वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रम रामोत्सव को 30 मार्च से 12 अप्रैल तक मनाने का निर्णय लिया गया। महानगर अंतर्गत सभी 16 नगरों में कार्यक्रम करने के लिए तथा 12 अप्रैल को बलोपासना दिवस के रूप में रांची महानगर के 151 स्थान पर कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई। रांची महानगर के सभी नगरों की बैठक सात, आठ एवं नौ मार्च को तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र साहू ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के कालखंड में भगवान पुरुषोत्तम श्री रामलला का भव्य एवं नूतन मंदिर में स्थापित होना सनातन हिंदू समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि षष्ठीपूर्ति वर्ष में ही महाकुंभ में 65 करोड़ से अधिक सनातन हिंदू जनमानस का एकत्र होना हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का बड़ा उद्धोष के समान है। डॉ. साहू ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यों को जन-जन तक ले जाने के लिए समिति बनाने एवं निश्चित कार्यक्रम को करने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सेवा सहप्रमुख अशोक अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक, सहमंत्री राजेश अग्रवाल और सुमन जी, सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश गिरी, सेवा प्रमुख श्वेता सिंह, महानगर बजरंग दल संयोजक विक्रम साहू, अजय राजगढ़िया सहित अन्य उपस्थित थे।

भाजपा ने चतरा में निकाला मशाल जुलूस, जिला प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

चतरा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा ने रविवार की शाम चतरा के सभी प्रखंडों में मशाल जुलूस निकाला गया। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ चतरा इकाई और सांसद कालीचरण सिंह के विवाद के बाद भाजपा जिला प्रशासन के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय सहित कई प्रखंडों में मशाल जुलूस निकाला गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के जिला इकाई के जरिये चतरा सांसद कालीचरण सिंह के खिलाफ काला बिल्ला लगाने और बयान बाजी देने से नाराज भाजपा कार्यकर्ता जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को भी पार्टी कार्यकर्ता बिल्ला लगाकर विरोध जताये थे। रविवार को प्रखंड मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालकर जिला प्रशासन के खिलाफ भाजपा नेताओं ने नारेबाजी की और पार्टी कार्यकर्ता सांसद के समर्थन में सड़क पर उतरकर भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए।

गायत्री शक्तिपीठ के स्थापना दिवस पर लगा मेगा स्वास्थ्य शिविर

बंशीधर न्यूज

मझिआंव : प्रखंड के चन्द्री स्थित माता गायत्री शक्तिपीठ स्थापना के दूसरे वर्षगांठ के अवसर पर मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा एसडीओ संजय कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद पाठक, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोंनी, रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, पल्स हॉस्पिटल रांची के चिकित्सक डॉ साकेत कुमार सोनी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, सत्या दुबे, मारुति नंदन सोनी आदि ने संयुक्त रूप से माता गायत्री के समक्ष दीप जलाकर किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ मनीष कुमार सिंह, डॉ साकेत कुमार सोनी, डॉ दशरथ प्रसाद, डॉ अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ राम ईश्वर विश्वकर्मा, डॉ सीता सरन एवं राधिका नेत्रालय गढ़वा द्वारा अलग अलग काउंटर पर अलग अलग रोगों के कुल 390 मरीजों का निःशुल्क जांच किया गया। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि गायत्री परिवार द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये हैं। गायत्री परिवार में संस्कार एवं इंसानियत सिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि 1950 के दशक से ही उनके ससुराल पक्ष के लोग गायत्री परिवार से जुड़े हुये हैं। कोई नेता, कोई अधिकारी, कोई ब्यवसाई और कोई पत्रकार की पहचान रखता है लेकिन सबसे बड़ी अच्छी पहचान इंसानियत है जो गायत्री परिवार सिखाती है। जिसका गुणगान ऋषि मुनि भी करते हैं। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह ने किया। मौके पर गायत्री परिवार के युवा मंडल के जिला संयोजक वीरेन्द्र सोंनी, केंद्रीय टोली सदस्य अच्युतानंद तिवारी, देवमुनि विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, अनिल कमलापुरी, अशोक गुप्ता, गढ़वा जिला संयोजक अखिलेश मेहता, कृष्ण कुमार मेहता, श्रीकांत मेहता, बिंदा ठाकुर, महिला मंडल के प्रखंड संयोजक सुनीता चौरसिया, सीमा दुबे, धर्मशीला देवी, सारो देवी, फुलझरी देवी, सीमा सोनी, धानो देवी, शिव प्रसाद, अशोक कमलापुरी, अरुण सोंनी, बेचन राम उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

मजदूर के साथ लूट व मारपीट

भवनाथपुर : सेल के क्रेसर प्लांट कटिंग कर रहे मजदूर के साथ बीती रात लूटपाट एवं मारपीट कर खाद्य सामग्री लूटने का मामला सामने आया है। थाना में दिये आवेदन में बिहार के समस्तीपुर जिला के ताजपुर निवासी मुकेश कुमार साहनी ने मकरी निवासी सह पूर्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम व अन्य पर आवेदन दिया है। थाने में दिये आवेदन में मुकेश कुमार साहनी ने लिखा है कि मैं एनडी एलॉय कंपनी में काम करता हूं। मैं शनिवार की रात आठ बजे टोटो से मेस का समान भवनाथपुर बाजार से खरीद कर सेल के एडीएम भवन लौट रहे थे कि उसी समय सेल के एडीएम गेट के पास धरना पर बैठे लोगो ने मेरे साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट किया एवं टोटो पर से समान छीन लिया। लालू राम पिता परमेश्वरी राम मकरी निवासी ने मारपीट गाली गलौज करते हुये धमकी दिया कि तुम लोग जितना भी मजदूर हो यहां से भाग जाओ। टोटो पर मेरा 20 हजार का खाद्य सामान था। झामुमो नेता लल्लू राम ने पूछे जाने पर कहा हम लोग शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं। क्रेशर प्लांट की कटिंग कर रहे ठेकेदार झूठा थाने में आवेदन देकर धरना को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। ना मैं ना किसी मजदूर द्वारा किसी के साथ मारपीट किया गया है न ही सामान को छिना गया है। थाना के एसआई प्रदीप उरांव से पूछे जाने पर कहा कि आवेदन मिला है जांच की जा रही है।

रमना ▶ 3.82 करोड़ के काम में नहीं लगा है योजना पट

सड़क व पुल निर्माण की जिप अध्यक्ष ने की जांच

बंशीधर न्यूज

रमना : रेलवे क्रॉसिंग रमना से सारांग होते हुये जतपुरा गांव तक 3 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से 5 किमी पीडब्लूडी विभाग से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही कार्य प्रारम्भ हुये एक वर्ष हो गया, लेकिन अभी तक योजना पट नहीं लगा है। जबकि कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व ही योजना पट लगाना था। जिससे इस सड़क से लाभान्वित होने वाले गांव के ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। योजना अनुसार सड़क निर्माण नहीं होने का विरोध ग्रामीणों ने किया था, लेकिन उन्हें डराया धमकाया गया जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिप अध्यक्ष शांति देवी को दिया। ग्रामीणों की सूचना पर शांति देवी ने स्थल पर पहुंचकर हो रहे उक्त सड़क निर्माण कार्य एवं पुल पुलिया निर्माण की जांच पड़ताल की। जिसमें ग्रामीणों द्वारा लगाया गया अनियमितता सही पाया गया। पुलिया निर्माण में नाम मात्र का सीमेंट डाला गया हैं। पानी तो पटाया ही नहीं गया है, गुणवत्ता पूर्ण काम नहीं होने से पुलिया के दीवार में दरार दिखने लगा है। सड़क पर गिट्टी भीस डालकर पानी डाला ही नहीं जा रहा हैं जिससे पैदल एवं मोटर साइकिल से आने जाने वाले को घोर परेशानी हो रही है। इस पर अध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति जतायी और कार्यस्थल पर मौजूद संवेदक के द्वारा प्रतिनियुक्त आदमियों को सख्त हिदायत दी की इस प्रकार से हो रहे घटिया सड़क निर्माण कार्य को करके आप चले जायेंगे, लेकिन इस सड़क से आने जाने वाले ग्रामीणों को एक ही बरसात में फिर से वही स्थिति हो जायेगी। इस गुणवत्ताहीन कार्य की जब तक जांच नहीं हो जाता तब तक सड़क निर्माण कार्य को बंद रखने का निर्देश जिप अध्यक्षा ने दिया। राहगीर अनीश कुमार यादव ने बताया कि सड़क बनते करीब एक वर्ष हो गया लेकिन सड़क से उड़ने वाली धूल से से हमलोग परेशान है। रवीन्द्र कुमार ने बताया कि इस सड़क निर्माण में बहुत अनियमितता बरती जा रही है, इसका विरोध करने पर हमलोगो को ही धमकाने लगते है। मौके पर उक्त सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



धुरकी के शारदा में अधेड़ की टांगी से काट कर हत्या

बंशीधर न्यूज

सगमा : धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा गांव के जमुनियाटांड़ पीपरडंडी टोले में 70 वर्षीय धनी बैठा की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई। घटना दोपहर 3 बजे की है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके गोतिया में ही कुछ दिन पहले मनोज बैठा जो होमगार्ड का जवान था उसकी मौत हो गई थी। उसी के जादू टोना के शक में राजेश्वर बैठा एवं संजय बैठा एवं उनके साथ अन्य व्यक्तियों ने मिलकर पीपरडंडी पाही पर पहुंचकर धनी बैठा की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद राजेश्वर बैठा एवं संजय बैठा फरार हो गये। घटनास्थल से राजेश्वर बैठा का मोबाईल भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि यह घटना बहुत मार्मिक है। प्रथमदृष्टया से पता चलता है कि डायन बिसाही जादू टोना के शक में कुछ दिन पूर्व इनके गोत्र में ही मनोज बैठा जो की होमगार्ड का जवान था उसकी मौत हो गई थी। धनी बैठा अपने घर में काम कर रहा था। तभी बाहर बुलाकर दोनों ने मिलकर टांगी से कई जगह प्रहार कर दिया। शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के पोते के फर्द बयान के आधार पर अनुसंधान जारी है। मौके पर एएसआई सुभाष कुमार अकेला, एसआई बीकू कुमार रजक, एएसआई शैलेन्द्र कुमार यादव, मुंशी संजय पाठक, राजेन्द्र राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एक्सीलेंट कोचिंग क्लास का उद्घाटन

मझिआंव : मझिआंव-सुंडीपुर रोड स्थित राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय के सामने एक्सीलेंट कोचिंग क्लास का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने फीता काटकर किया। इस दौरान निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि एक्सीलेंट कोचिंग क्लासेज के खुल जाने से छात्र-छात्राओं को कोचिंग करने में काफी सहूलियत मिलेगी। अनुभवी शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं की पठन पाठन गुणवत्तापूर्ण कराई जायेगी। वहीं एक्सीलेंट क्लासेस के निर्देशक अंगद कुमार ने कहा कि कोचिंग सेंटर खोलने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उपनिदेशक डॉ अमरकांत एवं फाउंडर गोविंदा ने बताया कि क्लासेस में कक्षा आठवीं से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई कराई जायेगी। जिसकी टाईमिंग शाम 3:00 बजे से 5 बजे तक निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में 11 एवं 12 की छात्र-छात्राओं के लिए स्पेशल बैच भी चलाई जायेगी। संरक्षक देवेंद्र कुमार ने कहा कि क्लासेस के लिये नामांकन चालू है। इच्छुक छात्र-छात्रा सेंटर में संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं।

फिट इंडिया अभियान के तहत संडे ऑन द साइकिल कार्यक्रम

गढ़वा : देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल के तत्वावधान में रविवार को फिट इंडिया अभियान के तहत संडे ऑन द साईकिल फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को दैनिक शारीरिक गतिविधि में शामिल होने और स्वस्थ रहने के लिये जागरूक करना था। कार्यक्रम में साईकिल चलाने के लाभों पर चर्चा की गयी। मौके पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के रजिस्ट्रार प्रो डॉ अजय भूषण प्रसाद, प्रिंसिपल प्रो डॉ केशवेन्द्र कुमार तिवारी, शिक्षक डॉ तथागता सरकार, डॉ बृजेश यादव, छात्र विवेक शर्मा, सागर बाबू, संकल्प श्रीवास्तव, देवेश कुमार, रोशन कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

केतार में मां चतुभुर्जी नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

प्रशासन टीम ने पत्रकार टीम को व नावाडीह की टीम ने नगर ऊंटारी को 109 रन से हराया

बंशीधर न्यूज

श्री श्री माँ चतुर्भुजी नाईट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट
Session -1-2025
उद्घाटन तिथि :- 01/03/2025 दिन शनिवार, शाम :- 7:00 बजे

केतार : प्रखंड के प्रसिद्ध युवा समाजसेवी पंकज सिंह ने शुक्रवार की रात्रि श्री श्री मां चतुभुर्जी नाईट कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। उक्त टूनार्मेंट का आयोजन लोहिया समता हाईस्कूल के खेल मैदान में किया गया, जहां क्रिकेट प्रेमियों और स्थानीय निवासियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। उद्घाटन के पश्चात थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने संबोधन के दौरान खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व कौशल भी सिखाते हैं। मैं इस टूनार्मेंट के आयोजन के लिये आयोजकों को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि इस आयोजन से युवा पीढ़ी को खेल के प्रति और अधिक प्रेरणा मिलेगी। आयोजक एवं उद्घाटन कर्ता पंकज सिंह ने कहा कि केतार प्रखंड जैसे सुदरवर्ती इलाके में इस तरह का आयोजन से क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति छुपी प्रतिभाएं को मजबूत करने का अवसर मिलता है। ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा को पहचान सकें और जिला, राज्य सहित देशभर में अपना नाम रोशन कर सकें। वहीं टूनार्मेंट के आयोजन को लेकर स्थानीय निवासियों में काफी उत्साह है। उक्त प्रतियोगिता की शुरूआत पुलिस प्रशासन बनाम केतार पत्रकार टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुये प्रशासनिक टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा प्रतियोगिता बिहार के नावाडीह बनाम झारखंड के नगर ऊंटारी के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुये नावाडीह टीम ने 12 ओवर खेलकर 150 रन का लक्ष्य नगर ऊंटारी टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुये नगर ऊंटारी के टीम ने 7.1 ओवर में 47 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिससे नावाडीह की टीम ने उक्त प्रतियोगिता को 109 रन से जीत हासिल किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग का प्रदर्शन किया, जो दर्शकों के बीच जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार, मूंगा साह, श्याम सुंदर बैठा, टूनार्मेंट के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह, सचिव रामाश्रय मेहता, कोषाध्यक्ष एनुअल परवेज, उपाध्यक्ष श्याम बिहारी राम, उप सचिव हेमंत कुमार मेहता, आशीष गुप्ता, गौतम पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हर फिल्म के साथ नया सीखने की कोशिश करती हूं : भूमि

साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने करिअर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर 'टॉयलेट : एक प्रेम कथा', 'पति-पत्नी और वो', 'बधाई दो' समेत कई फिल्मों में काम कर चुकी है। अब उनकी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' आई है, जिसमें वे एक पत्नी का किरदार निभा रही हैं। अपनी कई सारी फिल्मों में पत्नी की भूमिका निभा चुकीं एक्ट्रेस भूमि ने करिअर, अपनी आगामी फिल्म और अपने सामाजिक कार्य समेत अन्य विषयों पर खुलकर चर्चा की। भूमि ने कहा कि एक एक्टर के लिए दर्शकों की स्वीकृति सबसे ज्यादा मायने रखती है। मैं अपनी बात करूं तो मैं हमेशा यही प्रार्थना करती हूं कि दर्शक मेरे काम को पसंद करें और उसे प्यार दे, इसलिए कहीं न कहीं हर फिल्म की रिलीज से पहले इस बात की चिंता तो होती है कि दर्शक इसे स्वीकार करेंगे या नहीं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने कई सारी फिल्मों में पत्नी का किरदार बेशक निभाया है, लेकिन केवल उसे 'पत्नी का किरदार' इस टैग से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। मेरे द्वारा निभाई गई 'पत्नी' के हर किरदार, उनका बैकग्राउंड और उनकी कहानी बेहद अलग रहे हैं। शादी से ज्यादा पेचीदा कोई रिश्ता होता ही नहीं है। ऐसे में ऐसे किरदारों के अलग-अलग शे होते हैं और इन अलग-अलग शे का हिस्सा बनने का मुझे मौका मिला है। मेरे लिए ये बेहद खुशी की बात है और जब तक मेरे पास ऐसे रोल्स आते हैं, मेरा केवल इतना प्रयास रहता है कि मैं उनमें उम्दा काम करती रहूं। मुझे टाइपकास्ट होने का बिलकुल भय नहीं।

फिल्म 'बागी-4' के पोस्टर में टाइगर श्रॉफ का दमदार लुक आया सामने

THIS TIME
HE IS NOT THE SAME
SAJID NADIADWALA'S
BAAGHI 4
DIRECTED BY A. HARSHA

अभिनेता टाइगर श्रॉफ 2 मार्च को अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। हाल ही में वह रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आए थे और अब जल्द ही वह बागी-4 में अपने जबरदस्त एक्शन अवतार में लौटने वाले हैं। अपने जन्मदिन के खास मौके पर टाइगर ने बागी-4 से अपनी एक झलक फैंस के साथ शेयर की है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। इस नए पोस्टर में टाइगर का इंटेंस और दमदार लुक देखने को मिल रहा है। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर श्रॉफ ने अपना पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, जिस फ्रैंचाइजी ने मुझे पहचान दी और एक एक्शन हीरो के रूप में खुद को साबित करने का मौका दिया... अब वह मेरी पहचान बदल रही है। इस बार यह वैसा नहीं है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आप लोग इसे उसी तरह अपनाएंगे, जैसे आपने 8 साल पहले किया था। निमार्ता साजिद नाडियाडवाला ने भी सोशल मीडिया पर इस पोस्टर को शेयर किया, जिससे फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। फिल्म के जबरदस्त पोस्टर में टाइगर श्रॉफ का दमदार लुक देखने को मिल रहा है। उनके माथे से खून बह रहा है, आंखों में गुस्से की लपटें हैं, और वह मुंह में सिगरेट दबाए खड़े हैं। उनकी तीखी नजरें ऐसी हैं, मानो वह अपने दुश्मनों को चीरने के लिए तैयार हैं। टाइगर के इस अवतार को देखकर अर्जुन कपूर समेत कई बॉलीवुड सितारों ने उन्हें बधाई दी है। प्रशंसकों में भी फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा, ये तो ब्लॉकबस्टर होगी! तो किसी ने इसे बवाल पोस्टर कहा।

प्रधानमंत्री मोदी सोमनाथ पहुंचे, हेलिपैड पर हुआ स्वागत

सूर्ख पलाश फूल करा रहे हैं हिंदू नववर्ष के आगमन का अहसास

खूंटी। गांवों, जंगलों और सड़क किनारे जगह-जगह पर खिले सूर्ख पलाश के और सेमल के फूल इस बात का आभास करा रहे हैं कि हिंदुओं का नव वर्ष आने वाला है। रंगों का त्योहार होली के साथ ही नव वर्ष भी शुरू हो जाएगा। बसंत पंचमी के आते ही खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों और जंगलों में पलाश के फूल प्रकृति की शोभा बढ़ा रहे हैं। इसीलिए कहा जाता है कि पलाश या टेसू के फूल प्रकृति के श्रृंगार हैं और इसके सूर्ख रंग और आकार दीये की तरह होता है। इसकी बनावट के कारण ही अंग्रेजी साहित्यकारों ने इसे फ्लेम ऑफ फोरेस्ट या वन ज्योति की संज्ञा दी है। इन दिनों खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिंहभूम कहीं भी चले जाएं, हर ओर खिले पलाश के फूल बरबस ही आपका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि चैत्र के महीने में प्रकृति भी अपने सुंदरतम रूप में होती है। झारखंड का राजकीय पुष्प भी पलाश ही है।

पलाश फूल से बनाये जाते हैं रंग और गुलाल

पलाश और सेमल के फूलों का उपयोग होली के दौरान रंग और गुलाल बनाने में किया जाता रहा है। कर्रा रोड खूंटी की रहनेवाले वरिष्ठ पत्रकार अष्ण चौधरी कहते हैं कि भले ही आज के बच्चे केमिकलयुक्त रंगों से होली खेलते हो, पर पहले लोग पलाश और सेमल के फूलों से रंग और गुलाल बनाते थे। रंग बनाने के लिए फूलों को किसी बड़े बर्तन में रात भर आग में पकाया जाता है। वहीं गुलाल बनाने के लिए फूलों को धूप में सुखाया जाता है और पीसकर गुलाल तैयार किया जाता है। एक किलो फूल से लगभग आठ सौ ग्राम गुलाल तैयार हो जाता है। तोरपा के सामाजिक कार्यकर्ता धमेंद्र कुमार कहते हैं कि हमें हर हाल में प्रकृति के साथ चलना होगा। पलाश और सेमल के फूलों से बने रंग शरीर के लिए काफी लाभदायक हैं। इसलिए हमें रसायन युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्राकृतिक रंग से होली में पानी की भी बचत होती है। तोरपा के वैद्य नंदू महतो कहते हैं कि पलाश औषधीय गुणों की खान हैं। इसका उपयोग कई तरह की बीमरियों के इलाज में किया जाता है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जयसवाल कहते हैं कि सरकार को चाहिए कि वह पलाश के फूलों की खरीदारी कर उससे प्राकृतिक रंग और गुलाल का निर्माण कराए। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और लोगों का प्रकृति से जुड़ाव भी होगा। झामुमो के नेता प्रदीप केशरी कहते हैं कि पूरे खूंटी जिले में भारी मात्रा में पलाश के फूल पाये जाते हैं। इसका कहीं सदुपयोग नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इसके व्यावसायिक उपयोग के बारे में विचार करना चाहिए।

पलाश पेड़ों की भरमार है खूंटी जिले में

खूंटी जिले में प्रचूर मात्रा में पलाश के पेड़ पाये जाते हैं, पर इसके उपयोग पर सरकर या प्रशासन ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। जेएसएलपीएस के एक अधिकारी बताते हैं कि पलाश के फूलों के व्यावसायिक उपयोग के बारे में जिला प्रशासन विचार कर रहा है। पलामू और हजारीबाग जिले में प्रशासन पलाश के फूलों से रंग और गुलाल बनाने के लिए पलाश के फूलों की खरीदारी करता है। प्रशासन द्वारा 25 से 30 रुपये प्रति किलो की दर से पलाश के फूलों की खरीदारी कर रहा है। इससे स्थानीय लोगों को कुछ समय के लिए रोजगार मिल जाता है।

महाकुंभ के अवधि में श्री काशी विश्वनाथ में वर्चुअल रियलिटी से दर्शन का टूटा रिकॉर्ड

वाराणसी। महाकुंभ की अवधि के दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम में वर्चुअल दर्शन पूजन के भी सभी पुराने रिकॉर्ड टूट गए।

धाम में महाकुंभ के समय दर्शन पूजन का नया रिकॉर्ड बना है। काशी विश्वनाथ धाम में जहां लगभग तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई, वहीं, वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। रविवार को काशी विश्वनाथ धाम में स्थित दुर्लभ दर्शन केंद्र और दिव्य दर्शन केंद्र ने वर्चुअल दर्शन का आंकड़ा जारी किया। दुर्लभ दर्शन केंद्र के आंकड़ों के अनुसार पूरे जनवरी और फरवरी माह के साथ महाकुंभ के अवधि में कुल 50,993 श्रद्धालुओं ने वर्चुअल रियलिटी(वीआर) के माध्यम से बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। वहीं, दिव्य दर्शन केंद्र के अनुसार कुल 10,566 श्रद्धालुओं ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से बाबा विश्वनाथ का दर्शन किया। महाशिवरात्रि पर्व पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इसमें 20-22 फरवरी तक धाम स्थित प्रधान विग्रहों पर त्रिदिवसीय रुद्राभिषेक किया गया। इस महापर्व में याजक की भूमिका का निर्वहन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अफसरों ने निभाया। 20 फरवरी को प्रातःकाल चंद्रगुप्तेश्वर महादेव, मनोकामेश्वर महादेव, अविमुक्तेश्वर महादेव, तारकेश्वर महादेव, नवग्रह मंडप, बैकुंठेश्वर महादेव और दण्डपाणीश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया।

Hit लिस्ट

नेपाल में मारे गए आईएसआई एजेंट का शूटर काठमांडू में गिरफ्तार

काठमांडू। सितंबर 2022 में काठमांडू में पाकिस्तानी खुफिया विभाग आईएसआई के एक एजेंट की गोली मारकर हत्या करने वाले शूटर

को आज काठमांडू की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। काठमांडू के टोखा इलाके में आज शाम को हुई एक मुठभेड़ में पुलिस ने जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, उसकी पहचान गुड्डू पटेल के रूप में हुई है। बिहार के रहने वाले गुड्डू पटेल पर काठमांडू में हुए आईएसआई एजेंट के शूटआउट में गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसपी काजी आचार्य ने कहा कि 19 सितंबर 2022 को गोठाटार में छुपकर रह रहे लाल मोहम्मद अंसारी की उसके घर के आगे ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एसपी ने बताया लाल मोहम्मद की हत्या के बाद जिन तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था उनके द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गुड्डू पटेल ही उसका शूटर था और उसी ने गोली चलाई थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने रमजान के पवित्र महीने की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी ने इस पवित्र अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है, यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लाए। यह पवित्र महीना चिंतन, कृतज्ञता और भक्ति का प्रतीक है, साथ ही हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की भी याद दिलाता है। रमजान मुबारक!

माणा हिमस्खलन हादसा : विषम परिस्थितियों में सेना के जवानों ने बचायी 46 श्रमिकों की जान

अंतिम श्रमिक का भी शव बरामद, कुल आठ की मौत

देहरादून। बदरीनाथ धाम से करीब छह किमी की दूरी पर स्थित माणा के पास हिमस्खलन के बाद से लापता सभी श्रमिकों को ढूंढ लिया है। रविवार शाम को हादसे के बाद से लापता अंतिम व्यक्ति का शव बरामद होने के बाद सेना का रेस्क्यू आपरेशन पूरा हो गया है। रविवार को सेना के जवानों ने लापता चारों श्रमिकों के शवों को बरामद कर लिया है। इस हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हुई है। इससे पहले शनिवार को ही चार शव बरामद कर लिए गए थे। इस हादसे में बचाव दल ने 46 श्रमिकों की जान बचाई है। सेना के जन संपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को सुबह ही रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया गया था। दोपहर तक तीन शव बरामद हो गए थे। शाम तक अंतिम लापता श्रमिक देहरादूनवासी अरविंद कुमार सिंह का शव भी बरामद कर लिया गया है। इस हिमस्खलन की चपेट में आए 54 श्रमिकों में आठ की मौत हुई है और 46 श्रमिकों की जान बचा ली गई। उन्होंने बताया कि बचाए गए 44 श्रमिकों का जोशीमठ के सेना अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि दो श्रमिकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे रेस्क्यू अभियान के दौरान सेना के जवानों ने पूरी तत्परता से कार्य किया और विषम भौगोलिक परिस्थितियों से लड़ते हुए 46 श्रम वीरों की जान बचाई। उन्होंने हिमस्खलन में आठ श्रमिकों की मौत होना दुखद है। उन्होंने बताया कि हादसा में लापता अंतिम श्रमिक का शव मिलने के साथ ही सेना का रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया है।

कार्तिक महाराज को मिला विवेकानंद सेवा सम्मान

कोलकाता। श्री बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय की ओर से रविवार को स्वामी प्रदीप्तानंद उपाख्य कार्तिक महाराज को विवेकानंद सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कोलकाता के रथीन्द्र मंच में आयोजित समारोह में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने अपने संबोधन में स्वामी कार्तिक महाराज के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। कहा कि महाराज आदिवासी समाज के उत्थान और हिंदू समुदाय को एकजुट रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया और अब विवेकानंद सेवा सम्मान मिलना भी उनके योगदान का उचित सम्मान है। उन्होंने बताया कि महाराज की पहल पर 11 विद्यालयों में करीब 21 हजार बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिल रही है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)